# कार्यालय अधिष्ठाता

## छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

**Website: www.governmatemedicalcollegechhindwara.com**
**E-Mail:- deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com Phone: 07162-297009**

क्रमांक /पैरा.मेडि./विज्ञप्त/2021/6500 छिंदवाड़ा दिनांक – 29/01/2021

# पैरामेडिकल पाठ्यक्रम हेतु विज्ञप्ति

संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरोमेडिकल पाठ्यक्रमों डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीदवार को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी 2021 समय शाम 05:30 बजे (कार्यालयीन अवधि तक) तक निर्धारित है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा, अर्थात् आवेदन आमान्य रहेगे। प्रवेश हेतु संपूर्ण विज्ञप्ति, आवेदन करने का निर्धारित प्रारूप प्रपत्र एवं प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी संस्था की वेबसाइट **www.govtmedicalcollegechhindwara.com** पर उपलब्ध है।

आवेदक को 12 वीं (10+2) परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से बायोलॉजी, विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त सीटो पर प्रवेश प्रक्रिया के लिए मध्यप्रदेश राज्य के आरक्षण सम्बंधी नियमों का पालन किया गया है, एवं पाठ्यक्रम हेतु चयनित अभ्यार्थियों का चयन माननीय न्यायालय निर्णय के अध्याधीन रहेगा ।

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम | पाठ्यक्रम अवधि | स्वीकृत सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | डिग्री | 03 वर्ष | 50 |
| 2 | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 50 |
| 3 | एक्स–रे (रेडियोग्राफर) टेक्नीशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 4 | पैरामेडिकल आप्थेल्मिक असिटेंट | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 5 | एनेस्थिसिया टेक्नीशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 05 |
| 6 | आर्थो टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |
| 7 | ओ.टी टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवदेन शुल्क निम्नलिखित निर्धारित है–

1. अनारक्षित वर्ग हेतु रूपये 300/– मात्र ।
2. अन्य पिछडा वर्ग हेतु रूपये 200/– मात्र।
3. अनुसूचित जाति हेतु रूपये 100/– मात्र।
4. अनुसूचित जनजाति रूपये – 50/– मात्र।
5. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु – निःशुल्क ।

आवदेन शुल्क डी.डी/डिमांड डाफ्ट Dean, Chhindwara Institute of Medical Sciences के नाम से रहेगी ।

टीप – विशेष संरक्षित जनजाति बैगा, सहारिया, भारिया, विकलांग अभ्यार्थियों को आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा अर्थात् आवेदन निःशुल्क है। दाखिला हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावेगी।

**महत्वपूर्ण** – 1. पाठ्यक्रम संबंधी समस्त जानकारी मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् की वेबसाइट www.mppmc.ac.in में उपलब्ध है।

2. आवेदकों का चयन वरियता सूची के आधार पर मेरिटक्रम में किया जावेगा।

3. किसी भी परिस्थिति में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की दशा में अधिष्ठाता, छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा म0प्र0 का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा म0प्र0

# कार्यालय अधिष्ठाता
## छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

**Website: www.governmatemedicalcollegechhindwara.com**
**E-Mail:- deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com Phone: 07162-297009**

क्रमांक /पैरा.मेडि./विज्ञप्त/2021/6500 छिंदवाड़ा दिनांक – 29/01/2021

**//पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश//**

छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा में शिक्षण सत्र 2020–21 के लिये निम्नानुसार पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र दिनांक 12.02.2021 तक आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पाठ्यक्रम | उपलब्ध सीट की श्रेणीवार संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीट की संख्या | पाठ्यक्रम की अवधि | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | UR | SC | ST | OBC | EWS |
| | | सीधी भर्ती पर आरक्षण रोस्टर | | | | | | | |
| 1 | बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | 45 | 03 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 6+3F | 5+2F | 3+1F | 8+4F | 9+4F |
| 2 | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | 45 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 6+3F | 5+2F | 3+1F | 8+4F | 9+4F |
| 3 | एक्स–रे (रेडियोग्राफर) टेक्नीशियन | 09 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 |
| 4 | पैरामेडिकल आप्थेल्मिक असिटेंट | 09 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 |
| 5 | एनेस्थिसिया टेक्नीशियन | 05 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 2 | 1 | 1 | 1 | - |
| 6 | आर्थो टेक्नीशियन | 09 | 01 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 |
| 7 | ओ.टी टेक्नीशियन | 09 | 01 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 |
| विभागीय पद पर आरक्षण रोस्टर | | | | | | | | | |
| 1 | बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | 05 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 2 | 1 | 1 | 1 | - |
| 2 | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | 05 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 2 | 1 | 1 | 1 | - |
| 3 | एक्स–रे (रेडियोग्राफर) टेक्नीशियन | 1 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 1 | - | - | - | - |
| 4 | पैरामेडिकल आप्थेल्मिक असिटेंट | 1 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 1 | - | - | - | - |
| 5 | एनेस्थिसिया टेक्नीशियन | – | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | - | - | - | - | - |
| 6 | आर्थो टेक्नीशियन | 1 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 1 | - | - | - | - |
| 7 | ओ.टी टेक्नीशियन | 1 | 02 वर्ष | 12 वी. (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण | 1 | - | - | - | - |

अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
छिन्दवाड़ा म0प्र0

## प्रवेश नियम

प्रवेश संस्था अपने विज्ञापन के माध्यम से करेंगी, जिसमें निर्धारित योग्यता 10+2 बायोलाजी किसी मान्यता प्राप्त संस्था से उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पाठ्यक्रम में 10+2 किसी भी विषय के साथ उत्तीर्ण आवेदक पाठ्यक्रम में प्रवेश का पात्र होगा। प्रवेश हेतु संस्था आवश्यक मेरिट के अनुसार करेगी। समस्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों प्रवेश बाबत् न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक सामान्य वर्ग के लिये तथा 33 प्रतिशत अंक आरक्षित वर्ग के लिये होंगे। परिषद द्वारा मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के पूर्व अनुमोदन से, शिक्षण–सत्रो के लिये निम्नानुसार पैरामेडिकल अकादमिक कैलेण्डर निर्धारित किया गया है :–

1. निजी/ स्वशासी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा परिषद को मान्यता बाबत् आवेदन करने की अंतिम तिथि 31, जनवरी.
2. संस्थाओं के निरीक्षण बाबत् निरीक्षण समिति का गठन कर माह अप्रैल, तक समस्त संस्थाओं के निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त करना.
3. निरीक्षण समिति से प्राप्त प्रतिवेदन में उल्लेखित कमियों के सम्बन्ध में संस्था को अधिकतम 15 दिवस का समय दिया जाना /आवश्यकता एवं परिस्थिति अनुसार समय सीमा कम की जा सकेगी ।
4. संस्था से प्राप्त जानकारी के पश्चात् 15 मई, तक समस्त प्रकरण राज्य–शासन को निर्णय बाबत् अंकित किया जाना.
5. शासन स्तर से अधिकतम 15 जून, तक समस्त प्रकरणों का निराकरण कर सम्बन्धित संस्था को सूचित किया जाना.
6. मान्यता प्राप्त संस्थाओं में 01 जून, से प्रवेश की कार्यवाही प्रारम्भ किया जाना.
7. दिनॉक 01 जुलाई, से शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होना.
8. समस्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर, तक।
9. संस्थाओं द्वारा 30 नवम्बर, तक छात्रों के प्रवेश की कार्यवाही की जाकर, दिनॉक 10 दिसम्बर, को परिषद को प्रवेशित छात्रों की विषयवार सत्यापित सूची उपलब्ध करानी होगी ।
10. 10 दिसम्बर, के पश्चात् प्राप्त होने वाली सूची पर परिषद द्वारा प्रति छात्र रूपये **एक हजार प्रतिदिन अर्थदण्ड की वसूली** की जावेगी ।
11. परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षाओं का आयोजन माह अक्टूबर एवम् पूरक परीक्षाओं का आयोजन माह मार्च में किया जाना.

चिकित्सा शिक्षा विभाग से पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के संचालन के लिये अनुमति प्राप्त संस्थाओं द्वारा राज्य–शासन द्वारा बनाये गये आरक्षण नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना आवश्यक होगा।

छात्रों/आवेदकों को परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थाओं में उपलब्ध पाठ्यक्रम / सीट अनुसार सीधे आवेदन करना होगा। परिषद द्वारा छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में कोई काउंसिलिंग आयोजित नहीं की जावेगी.

लोक स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत् पात्र पैरामेडिकल कर्मचारियों को स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में चलाये जा रहे पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश बाबत् परिषद द्वारा राज्य–शासन के पूर्व अनुमोदन से कुल स्वीकृत सीटों पर अधिकतम 10 प्रतिशत कोटा विभागीय कर्मचारियों के लिये आरक्षित किया गया है।

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों मे संस्थाओं द्वारा केवल परिषद द्वारा राज्य–शासन के पूर्व अनुमोदन से निर्धारित शुल्क ही वसूल की जा सकेगी।

आवेदन का निर्धारित प्रारूप प्रपत्र

# छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिंदवाड़ा म.प्र.

## //पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 2020–21//

1. पाठ्यक्रम का नाम – ....................................................................................

2. आवेदक का नाम – ....................................................................................

3. पिता/पति का नाम – ....................................................................................

4. जन्म तिथि – ................वर्ष...........माह.........दिन.....................

5. आयु (01 जनवरी 2021 को) – ....................................................................................

6. आधार कार्ड नं.– ....................................................................................

7. श्रेणी (अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग/ई.डब्लु.एस.) –

8. पत्र व्यवहार का पता – .................................................................................... स्थायी पता – ..................................

....................................................................................................................................................................................

9. अभ्यार्थी का मोबाइल नं. – ........................................................ ई–मेल आई.डी.– ................................................

अभिभावक का मोबाईल नं. – ....................................................................

शैक्षणिक अर्हता–

| क्र | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 वीं या समकक्ष | | | | | |
| 2. | 12 वीं या समकक्ष बायोलॉजी (10+2) | | | | | |

## //घोषणा पत्र//

मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गयी समस्त जानकारी सत्य है। प्रवेश के समय, प्रवेश पश्चात् अथवा किसी भी समय जानकारी असत्य प्रमाणित होने पर मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाये, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

दिनांक–.................

स्थान –.................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

**आवश्यक प्रमाण–पत्रों की सूची :–**

1. 10 वीं अंकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
2. 12 वीं अंकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति) (10+2)
3. बोर्ड का माइग्रेशन (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
4. स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
5. म.प्र. मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रदेश के बाहर मूल निवासी प्रमाण पत्र
6. जाति प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
7. आधार कार्ड/समग्र आई.डी. (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
8. आय प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
9. अन्य

उम्मीदवार के हस्ताक्षर